# कार्यवाही नकल

आज दिनांक 24.11.2015 को ग्राम पंचायत धमच्याण की मासिक बैठक प्रधान श्री रोशन लाल जी की अध्यक्षता मे आरम्भ हुई। उपस्थित सदस्य 9/9 रही तथा निम्न कार्यावाही अमल मे लाई गई।

## प्रस्ताव संख्या 3 अनापति प्रमाण पत्र बारे

सर्वसम्मति से पास किया जाता है कि ग्राम पंचायत धमच्याण में आने वाले थल्टूखोड नाले पर मैं कलिफ फिनबेस्ट प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी दो जल विद्वत परियोजनाओं थल्टूखोड स्टेज-I ओर स्टेज-II का निर्माण कार्य करना चाहती है। जिसकी स्वीकृत उक्त कम्पनी को हिम उर्जा विभाग द्वारा भी प्राप्त हो चुकी है। इन दोनो जल विद्वत परियोजनाओं के निर्माण कार्य करने हेतू ग्राम पंचायत धमच्याण को कोई आपति नही है। अतः उक्त कम्पनी को अनापति प्रमाण पत्र निम्न शर्तो अनुसार जारी किया जाता है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

1 प्रोजैक्ट निर्माण कार्यो में जो भी मलकीयत भूमि व घासनियां प्रयोग मे लाई जाएगी उसका कम्पनी उचित मुआवजा प्रदान करेगी।

2 निर्माण कार्यो के दौरान जो भी ग्राम वासियो की फसल घास व पेड इत्यादि का नुकसान होगा उसका भी उचित मुआवजा कम्पनी को प्रदान करना होगा।

3 प्रोजैक्ट निर्माण कार्यो के दौरान जो कार्य ग्राम वासियों के करने योग्य जैसे सडक निर्माण, रास्ते, क्रेट का कार्य व चेक डैम इत्यादि स्थानीय पंजीकृत ठेकेदारों को उनकी योग्यता अनुसार प्राथमिकता के आधार पर दिया जाए।

4 प्रोजैक्ट कार्य निर्माण में जो भी तकनीक/गैर तकनीक भर्ती होगी उसका स्थानीय लोगों को योग्यता व उपलब्धता मुताबिक प्राथमिकता दी जाए।

5 प्रोजैक्ट द्वारा बनाए जाने वाले रास्ते व सडकों पर ग्रामवासियों ओर उनके मवेशियों को आने जाने में कोई रोक टोक ना हो।

6 ग्रामवासियों को जरूरत के अनुसार सिंचाई के लिए व पनचक्की चलाने के लिए पानी उपलब्ध रहे।

7 ग्राम पंचायत धमच्याण को विभिन्न प्रकार के विकास कार्यो के लिए 500000/– (पांच लाख रूपये केवल) की धनराशी की व्यवस्था प्रोजैक्ट के निर्माण कार्य के दौरान की जाए।

8 प्रोजैक्ट के निर्माण कार्य के दौरान यदि घोडे खच्चरों व वाहन के योग्य कोई कार्य हो तो उसके लिए स्थानीय ग्रामवासियों को प्राथमिकता दी जाए।

अगर उक्त कम्पनी उपरोक्त शर्तो को पूरा नही करती है तो अनापति प्रमाण पत्र रदद समझा जाएगा।

हस्ताक्षर ______
दिनांक ______

पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत धमच्याण
वि०ख० द्रंग, त० पधर
जिला मण्डी (हि०प्र०)